दिनांक 05 जनवरी 2021

स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

वार्ड 16 में अवैध कब्जा की मंशा से कर रहे थे मुरूम डंप , निगम की टीम ने किया जप्त , मोहल्लेवासियों की शिकायत पर वैशालीनगर जोन के टीम ने की कार्यवाही

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम क्षेत्र अंतर्गत अवैध निर्माण करने वालों के विरुद्ध निगम प्रशासन कड़े कदम उठा रहा है। शासकीय जमीन पर अवैध कब्जा करने की मंशा से मुरूम डंप करने वालों के खिलाफ कार्यवाही की गई। कार्यवाही करने गई राजस्व विभाग की टीम ने मौके से 6 हाइवा मुरूम जप्त किया। वार्ड 16 सागर मैरिज पैलेस एमपी क्रिश्यचन कॉलेज रोड के पास कुछ लोगों के द्वारा शासकीय जमीन पर मुरूम डाला गया था , जिसकी शिकायत मोहल्लेवासियों ने किया था। जोन 02 वैशालीनगर क्षेत्रांतर्गत शासकीय जमीन पर अवैध निर्माण की मंशा से मुरूम डंप करने की शिकायत पर कार्यवाही की गई। जोन 02 के सहायक राजस्व अधिकारी संजय वर्मा ने बताया कि एमपी क्रिश्चयन कॉलेज के पास कुछ लोगों के द्वारा अवैध निर्माण की मंशा से मुरूम डंप कर रहे थे , शिकायत प्राप्त होने पर राजस्व विभाग की टीम मौके पर पहुंची और 6 हाइवा मुरूम जप्त किया गया। आस पास के रहने वाले नागरिकों तथा शिकायतकर्ता से पूछताछ कर मुरूम डंप करने वाले अज्ञात लोगों की खोजबीन की जा रही है। निगम आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी ने अतिक्रमण व अवैध कब्जा करने वालों पर सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए है। आयुक्त के निर्देश के परिपालन में सभी जोन के आयुक्त व राजस्व अधिकारी अवैध निर्माण, अवैध प्लाटिंग की शिकायत मिलते ही त्वरित कार्यवाही कर रहे हैं , बीते कुछ दिनों में अवैध प्लाटिंग वाले स्थलों पर लगातार कार्रवाई की गई है , ताकि इस तरह के अनाधिकृत कार्य करने वालों पर शिकंजा कसा जा सकें!

जनसम्पर्क अधिकारी